# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## प्रेस विज्ञप्ति

वर्ष 2019 के स्नातकोत्तर पी0एचडी0 एवं डी0लिट0 उपाधि तथा मेडल प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 15-10-2019 दिन मंगलवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से प्रारम्भ होकर अपरान्ह 01:30 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर समस्त उपाधि एव मेडल धारक छात्र/छात्राओं को निर्धारित परिधान पहन कर उपाधि व मेडल प्रापत करने होंगे।

अतः उपरोक्त समस्त छात्र/छात्राओं को शैक्षिक परिधान दिनांक 13.10..2019 एवं 14.10.2019 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 तक कुलानुशासक कार्यालय के बगल में कक्ष संख्या 05 एवं 06 में वितरण हेतु उपलब्ध होगा। इन दिवसों में रू0 350/– अंगवस्त्र हेतु तथा निर्धारित परिधान कुर्ता पैजामा हेतु रू0 450/– कैशियर कार्यालय में जमा कर पावती प्राप्त करनी होगी। तदुपरान्त उक्त पावती संदर्भित कक्ष में उपस्थित वितरणकर्ता को प्रदान कर उक्त अंगवस्त्र/परिधान प्राप्त करने होंगे।

दीक्षान्त समारोह के सम्पन्न होने के उपरान्त उक्त अंगवस्त्र/परिधान वितरणकर्ता को दिनांक 15.10.2019 को सांय 05:00 बजे तक एवं दिनांक 16.10.2019 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक वापस करना होगा तथा उनसे वापस प्राप्त पावती को कैशियर कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस जमा शुल्क से रू0 60/– अंगवस्त्र हेतु तथा रू0 90/– परिधान शुल्क (कुल धनराशि रू0 150/– मेन्टीनेन्स चार्जेज के रूप में) काटकर शेष रू0 650/– का भुगतान छात्र/छात्राओं को कर दिया जायेगा। जो अभ्यर्थी अपना अंगवस्त्र/परिधान उपरोक्त तिथि तक वापस नहीं करेगा तो उसकी उक्त जमा जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।

उपरोक्तानुसार समस्त उपाधि व मेडल धारक छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय परिसर के अन्दर दीक्षान्त समारोह हॉल में निर्दिष्ट पंक्ति में दिनांक 14.10.2019 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक रिहर्सल हेतु उपस्थित होना होगा। समस्त स्नातकोत्तर उपाधिधारी एवं पीएच0डी0 उपाधिधारी एवं पदक प्राप्तकर्ता दिनांक 15.10.2019 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक दीक्षान्त हॉल में अवश्य स्थान ग्रहण कर ले।

(वी0पी0 कौशल)
उप कुलसचिव
कृते कुलसचिव

संख्याः– M/23691-740 दिनांकः– 05/10/2019

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रो0 आर0आर0 यादव, सी0डी0सी0,/अध्यक्ष, वस्त्र एवं परिधान समिति, दीक्षान्त समारोह 2019, ल0वि0वि0।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. निदेशक, आई0पी0पी0आर0 ल0वि0वि0 को जनसूचनार्थ प्रेषित।
4. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
6. अधीक्षक, कैश, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि वह विज्ञप्ति के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी, बेवसाइट, ल0वि0वि0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि प्रस्तुत विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड़ कराने का कष्ट करें।
8. यूनिवर्सिटी टेलर्स एण्ड ड्रैपर्स, 25/111, शक्ति नगर, दिल्ली–110007 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह उपरोक्तानुसार वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
9. उप कुलसचिव, सामान्य प्रशासन, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

उप कुलसचिव
कृते कुलसचिव